# CHAUDHARY CHARAN SINGH UNIVERSITY,
# MEERUT, UTTAR PRADESH

Registrar
Ch. Charan Singh University
Meerut

## *7.1.11 Yoga Day Celebrations in the campus.*

# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

## Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/5463
दिनांक : 14.06.2022

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक/निदेशक
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर,
मेरठ।

महोदय/महोदया,

सूचनार्थ अवगत कराना है कि विश्वविद्यालय परिसर स्थित क्रीड़ा स्थल में दिनांक 15.06.2022 से 21.06.2022 तक योग शिविर का आयोजन किया जा रहा हैं।

उक्त के क्रम में मा0 कुलपति महोदया जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा है कि आप दिनांक 15.06.2022 से 21.06.2022 की प्रातः 05 बजे से 07 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर स्थित क्रीड़ा स्थल पर आयोजित होने वाले योग शिविर में अपने-अपने विभाग के समस्त छात्र/छात्राओं को उपस्थित कराया जाना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

14.06.2022

कुलसचिव

प्रतिलिपिः-

01. सचिव कुलपति, मा0 कुलपति महोदया जी के संज्ञानार्थ।
02. सचिव प्रति कुलपति, प्रति कुलपति के संज्ञानार्थ।
03. छात्र कल्याण अधिष्ठाता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
04. कुलानुशासक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
05. मुख्य छात्रावास अधीक्षक को इस आशय के साथ कि वह समस्त छात्रावास अधीक्षकों को इस सम्बन्ध में निर्देशित करें।
06. विश्वविद्यालय अभियन्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
07. प्रेस प्रवक्ता, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

कुलसचिव

**Yog Shivir**
**14.06.2022**



**Celebration on Yoga Day**
**21-06-2022**



**Celebration on Yoga Day**
**21-06-2022**




**Mahila Maha sammelan on health by Mahila Patanjali Yog Samiti, Meerut and Mahila Adhyayan Kendra**

**28 -08-2022**

# महिला अध्ययन केंद्र एवं पतंजलि महिला योग सेवा समिति के संयुक्त तत्वधान में कार्यक्रम आयोजित



**मेरठ समाचार प्रतिनिधि**

**मेरठ।** चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय मेरठ के प्रेक्षा ग्रह में महिला अध्ययन केंद्र एवं पतंजलि महिला योग सेवा समिति के संयुक्त तत्वधान में कार्यक्रम आयोजित हुआ जिसमें मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए कुलपति संगीता शुक्ला जी ने कहा है की योग जीवन जीने की कला है, योग के द्वारा मानव का सर्वांगीण विकास संभव है, योग वेदों से लेकर उपनिषद एवं गीता में भगवान श्री कृष्ण ने योग का सार संपूर्ण विश्व को अर्जुन के माध्यम से दिया है जीवन को कैसे जिया जाए यह बताया है। कार्यक्रम मैं योग गुरु बाबा रामदेव जी ने ऑनलाइन माध्यम से संबोधित किया और कुलपति संगीता शुक्ला जी ने बाबा रामदेव को विश्वविद्यालय आने का विशेष निमंत्रण दीया। पतंजलि विश्वविद्यालय एवं चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय शीघ्र ही एमओयू करेंगे इस पर भी विशेष चर्चा हुई। डॉक्टर साध्वी देव प्रिया जी ने मेरठ की क्रांति धरा पर योग की नई क्रांति का आह्वान किया। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए योग विज्ञान विभाग के विद्यार्थियों ने योगासन की सुंदर प्रस्तुति दी जिन्हें देखकर सभी दर्शकों ने दांतो तले उंगली दबा ली और तालियों से आसमान गूंज उठा। सीनियर प्रोफेसर वाई विमला एवं प्रोफेसर बिंदु शर्मा प्रभारी महिला अध्ययन केंद्र मंच पर उपस्थित रहे इस अवसर पर नवज्योति सिद्धू, अमरपाल आर्य, ईशा पटेल, कीर्ति धामा, प्रीति त्यागी, ईशिका, मुस्कान खोकर, पूनम, प्रवेश, उज्जवल आदि मौजूद रहे।

**Mahila Maha sammelan on health by Mahila Patanjali Yog Samiti, Meerut and Mahila Adhyayan Kendra**

**28 -08-2022**

**मीटिंग** सीसीएस विवि में पतंजलि ने आयोजित किया कार्यक्रम

# सशक्तिकरण के लिए खुद आगे आना होगा

## सीसीएस विवि मे पतंजलि का प्रांतीय महिला महासम्मेलन

### कार्यक्रम में सैकड़ो की संख्या मे महिलाओ ने किया प्रतिभाग

PIC : JNN



पतंजलि का प्रांतीय महिला महासम्मेलन में मौजूद अतिथि.

**MEERUT (28 Aug, JNN):** चौधरी चरण सिंह विवि के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में पतंजलि योग समिति की महिला शाखा का प्रांतीय महासम्मेलन हुआ. स्वामी रामदेव की शिष्या आचार्य डॉ. साध्वी देव प्रिया ने अपने उद्बोधन में नकारात्मक भाव को बाहर निकलने की अपील की. उन्होंने कहा कि कोई कितना भी कष्ट दे लेकिन बदले की भावना से कोई कदम नहीं उठाना चाहिए. महिलाओं की सुरक्षा के लिए बने कानूनों का दुरुपयोग न करने की सलाह दी.

### योग जरूर करना चाहिए

सीसीएस विवि के कुलपति प्रोफेसर संगीता शुक्ला ने कहा कि महिलाओं के अंदर गजब की सहनशीलता होती है. वे कभी अपने लिए नहीं जीती हैं. सदैव परिवार के लिए जीती हैं. महिलाओं को योग जरूर करना चाहिए, इससे मानसिक और शारीरिक दृढ़ता विकसित होती है. बाबा रामदेव ने बंगलुरु से कार से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से महासम्मेलन में आई बहनों का स्वागत किया. कहा कि ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से देश मे 70 फीसदी महिलाओं से योग से जोड़ने का लक्ष्य है. मेरठ में 138 निशुल्क योग कक्षाएं चल रही है एक साल में इनकी संख्या दोगनी करने का लक्ष्य दिया. श्री दयानंद कन्या गुरुकुल महाविद्यालय चोटीपुरा अमरोहा की प्राचार्य सुमेधा और साध्वी देवा अदिति ने कहा महिलाओं का सशक्तीकरण पुरुषों के माध्यम से नहीं होगा. अपने सशक्तीकरण के लिए महिलाओं को स्वयं आगे आना होगा. उन्होंने महिलाओं ने भारतीय परंपराओं का अनुकरण करने के लिए प्रेरित किया. वक्ताओं ने योग कक्षाओं के लिए सेवा देनी वाली महिलाओं को आगे आने आवाहन किया.

### 24 जिलों से आई महिलाओं

कार्यक्रम में प्रोफेसर डॉ. वाई विमला, बिंदु शर्मा ने भी संबोधित किया. मेरठ, मुरादाबाद, आगरा, सहारनपुर मंडल के 24 जिलों से आई सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया. केंद्रीय आर्य समाज के प्रधान आरपीएस चौहान और राजेश सेठी ने साध्वियों का अभिनंदन किया. कार्यक्रम को सफल बनाने में योगदान करने वाली केंद्र प्रभारी श्रीदेवी, हर्पिता आर्य, कनिका बिष्ट, मयूरी शुक्ला,जी कनिका बिष्ट को सम्मानित किया गया. चंदना बेरा, निरवेश जी, मधु शर्मा, कमलेश, विजया पांडेय, प्रीति कश्यप व निशा चौहान मौजूद रहे.

**Mahila Maha sammelan on health by Mahila Patanjali Yog Samiti, Meerut and Mahila Adhyayan Kendra**

**28 -08-2022**

# कानूनों का दुरुपयोग न करें महिलाएं : साध्वी

## चौधरी चरणसिंह विश्वविद्यालय में महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में हुआ महासम्मेलन

संवाद न्यूज एजेंसी

मेरठ। चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाषचंद्र बोस प्रेक्षागृह में महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में प्रांतीय महासम्मेलन आयोजित हुआ। जिसमें मेरठ सहित मुरादाबाद, आगरा, सहारनपुर मंडल के 24 जिलों से करीब तीन हजार से अधिक महिलाओं ने हिस्सा लिया। योग विज्ञान विभाग के छात्रों ने योगासन की प्रस्तुतियां दी।

महिलाओं को संबोधित करते हुए आचार्य डॉ. साध्वी देवप्रिया ने कहा कि इंसान को बदले की भावना से उबरना होगा। उन्होंने कहा कि महिलाएं कानूनों का दुरुपयोग न करें। कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कहा कि महिलाओं के अंदर बेहद सहनशीलता होती है। महिलाओं का जीवन अपने लिए नहीं होता है।

वह सदैव परिवार के लिए होता है। योग गुरु बाबा रामदेव ने वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए सभी को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि देश में 70 फीसदी महिलाओं को योग से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

प्रतिकुलपति प्रो. वाई विमला और बिंदु शर्मा ने भी सम्मेलन को संबोधित किया। कार्यक्रम में सह संयोजिका कनिका बिष्ट और मंजू को सम्मानित किया गया। इस दौरान सीसीएसयू और पतंजलि विश्वविद्यालय के बीच एमओयू साइन होने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान प्रभारी श्रीदेवी, डॉ. मयूरी शुक्ला, हर्षिता आर्य, चंदना बेरा, निरवेश, मधु शर्मा, कमलेश, प्रीति कश्यप और निशा चौहान मौजूद रहे।



महिला सम्मेलन को संबोधित करतीं डॉ. साध्वी देव प्रिया। अमर उजाला



महिला सम्मेलन में मौजूद साध्वी और अन्य लोग। अमर उजाला



खिली मुस्कान...

सीसीएसयू के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में आयोजित महिला सम्मेलन के बाद सेल्फी लेतीं छात्राएं। अमर उजाला

**Mahila Maha sammelan on health by Mahila Patanjali Yog Samiti, Meerut and Mahila Adhyayan Kendra**

**28 -08-2022**

# इंसान को बदले की भावना से उबरना होगा: डा. साध्वी देवप्रिया

## विवि के नेताजी सुभाष चंद्र बोस प्रेक्षागृह में पतंजलि के प्रांतीय महिला महासम्मेलन का हुआ भव्य आयोजन

### सम्मेलन में मेरठ, मुरादाबाद आगरा, सहारनपुर मंडल के 24 जिलों से 3 हजार से अधिक महिलाओं ने लिया भाग

● जनवाणी संवाददाता, मेरठ

देश की जानी मानी संस्था पतंजलि योग समिति की महिला शाखा महिला पतंजलि योग समिति मेरठ द्वारा क्रांतिभूमि की धरती पर विश्वविद्यालय के नेताजी सुभाषचंद्र बोस प्रेक्षागृह में शनिवार को प्रांतीय महासम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें मेरठ, मुरादाबाद, आगरा, सहारनपुर मंडल के 24 जिलों से तीन हजार से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। इस मौके पर आचार्य



डा. साध्वी देवप्रिया ने लोगों से नकारात्मक भाव से बाहर निकलने की बात कही। उन्होंने कहा कि इंसान को बदले की भावना से उबरना होगा। आपको कोई भी कितना भी कष्ट दे लेकिन आप को किसी भी प्रकार से बदला लेने व गुस्से की भावना से बाहर निकलना होगा।

साध्वी ने आज कल महिला कानूनों के दुरुपयोग पर सवाल खड़े किए और महिलाओं कानून का दुरुपयोग न करने की सलाह दी। विवि कुलपति प्रो. संगीता शुक्ला ने कहा कि महिलाओं के अंदर गजब की सहनशीलता होती है। वे कभी अपने लिए नहीं जीती हैं। सदैव परिवार के लिए जीती हैं। महिलाओं को योग जरूर करना चाहिए। बाबा रामदेव ने बंगलुरु से कार से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए उन्होंने सभी आये हुए बहनो का सम्मान किया। उन्होंने कहा कि देश मे 70 फीसदी महिलाओं से योग से जोड़ने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में विवि प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला और बिंदू शर्मा ने भी सभी को संबोधित किया। कार्यक्रम की सह संयोजिका कनिका विष्ट और मंजू को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रभारी श्रीदेवी, डा. मधुरी शुक्ला, कनिका विष्ट, हर्षिता आर्य, चंदना बेरा, निरवेश, मधु शर्मा, कमलेश व मुरादाबाद से विजया पांडेय, प्रीति कश्यप व निशा चौहान आदि मौजूद रही।

**Mahila Maha sammelan on health by Mahila Patanjali Yog Samiti, Meerut and Mahila Adhyayan Kendra**

**28 -08-2022**

चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**Ch. Charan Singh University, Meerut**

पत्रांक : पी0ए0/3664
दिनांक : 10.06.2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/सचिव/निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

विषयः– दिनांक 21.06.2021 को अन्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक मा0 कुलाधिपति महोदया के अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्र संख्या–ई–3451/जी0एस0/2021 दिनांक 03 जून, 2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा उन्होने प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी कोरोना प्रोटोकॉल के तहत दिनांक 21.06.2021 को अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया है।

उक्त के क्रम में कुलाधिपति के अपर मुख्य सचिव श्री राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश के पत्र के आलोक एवं मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपको निर्देशित किया जाता है कि आप अपने–अपने महाविद्यालय/संस्थानों में कोरोना प्रोटोकाल के तहत दिनांक 21.06.2021 को अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाये जाने हेतु आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,
10.6.2021
कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

01. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ प्रेषित।
02. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।
03. प्रभारी, वेबसाइट

कुलसचिव

**Notice related to International Yoga Day**
**10-06-2021**

# सीसीएसयू में सात दिवसीय योग शिविर शुरू, प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री चेतन चौहान भी पहुंचे

[illegible]

### ग के प्रचार-प्रसार में मोदी का गदान सबसे ज्यादा : र्मवीर

[illegible]



सीसीएसयू परिसर में योगाभ्यास करते खेल मंत्री चेतन चौहान (दाएं) और विधायक सोमेंद्र तोमर (बाएं)। • जागरण

### देशभर में काम कर रही क्रीड़ा भारती

सीसीएसयू के कुलपति प्रो. एनके तनेजा ने मुख्य अतिथि चेतन चौहान का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। प्रदेश के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री और क्रीड़ा भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष चेतन चौहान ने कहा कि योग का संबंध किसी धर्म या संप्रदाय से नहीं है। आज क्रीड़ा भारती देश के 500 जिलों में खेलों को बढ़ावा दे रही है। क्रीड़ा भारती के माध्यम से खिलाड़ी आगे बढ़ रहे हैं। चेतन चौहान ने सीसीएसयू में सात दिवसीय योग शिविर के लिए स्वामी कर्मवीर का आभार जताया। कुलपति प्रो. तनेजा ने कहा कि यह विवि का सौभाग्य है कि कई वर्षों से स्वामी कर्मवीर मेरठ को योग सिखाने आ रहे हैं। विवि के प्रेस प्रवक्ता प्रो. प्रशांत कुमार ने सभी



योग के संबंध में खेल मंत्री चेतन चौहान से बातचीत करते सीसीएसयू परिसर पहुंचे मुफ्ती कुर्बान कासमी (दाएं) व मौलाना शाकिर गंगोही • जागरण

किया। कुलपति एनके तनेजा, मंत्री चेतन ... विमला आदि ने मंच पर स्वागत ...

### योगी सरकार में दर्ज होती है हर रिपोर्ट : चौहान

पत्रकारों से बातचीत में मंत्री चेतन चौहान ने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार में थाने में जाने वाली हर शिकायत दर्ज की जाती है। इसका मतलब यह नहीं है कि अपराध बढ़ गए। पहली सरकारों में थानों में पीड़ित की सुनवाई व रिपोर्ट दर्ज होना ही बड़ी बात थी। अलीगढ़ के टप्पल और महिलाओं के प्रति अन्य अपराधों के विषय में कहा कि योगी सरकार अपराध, विशेषकर महिलाओं के प्रति अपराध में जीरो टॉलरेंस अपनाए हुए है। कहा कि भारत वर्ल्ड कप का प्रबल दावेदार है। खेल और खिलाड़ियों के पास केंद्र और प्रदेश सरकारों के पास व्यापक योजनाएं हैं। कहा कि देश के पास विराट कोहली जैसा निर्णायक कप्तान और भरोसेमंद टीम है। पाकिस्तान कई मोर्चों पर भारत से पीछे है।

### मुफ्ती कुर्बान और मौलाना शाकिर ने जाना योग

मुफ्ती कुर्बान कासमी लखीपुरा मेरठ, मौलाना शाकिर रशीदी गंगोही सहारनपुर, मौलाना अलीशान कैराना योग शिविर में शामिल हुए। उन्होंने बैठकर स्वामी कर्मवीर के व्याख्यान को सुना। शिविर के समापन पर उन्होंने स्वामी कर्मवीर और मंत्री चेतन चौहान से मुलाकात की। मंत्री चौहान ने कहा कि योग सभी धर्म-संप्रदायों के लिए है, क्योंकि सभी धर्म स्वस्थ रहने की शिक्षा देते हैं। मुफ्ती और मौलाना मंच पर स्वामी कर्मवीर से

**Yoga camp**

**21-06-2019**

माई सिटी रिपोर्टर

मेरठ। योग का लाभ निरंतर अभ्यास से मिलता है। योग करने से शरीर, मन, बुद्धि, आत्मा शुद्ध होते हैं। यह बात चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय एवं क्रीड़ा भारती द्वारा आयोजित पांच दिवसीय योग शिविर के समापन पर सीसीएसयू के कुलपति प्रो. नरेंद्र कुमार तनेजा ने कही। प्रति कुलपति प्रो. वाई विमला, प्रसाद महानकर, कुलसचिव धीरेंद्र कुमार वर्मा, प्रो. एके चौबे, प्रो. योगेंद्र सिंह, प्रो. बीरपाल सिंह आदि ने योग का महत्व बताया। संचालन राजन ने किया। श्री वेंकटेश्वरा विवि में के कुलाधिपति डॉ. सुधीर गिरि, प्रति कुलाधिपति डॉ. राजीव त्यागी ने योगाभ्यास किया।

महावीर आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल में 'योग फॉर वेलनेस' थीम योगाभ्यास किया गया। डायरेक्टर जनरल सतीश राघव, सीईओ डॉ. आशीष बालियान, डायरेक्टर एडमिन विक्रांत यादव व प्रधानाचार्य डॉ. देवदत्त भादलेकर आदि मौजूद रहे। डीएन पॉलीटेकिभनक के प्रधानाचार्य डॉ. विरेंद्र आर्य ने योग की जानकारी दी।

निप्रो फार्मा में सेफ्टी ऑफिसर सतेंद्र सिंह, फूल सिंह राजपूत उप महाप्रबंधक, जुनेद अख्तर, उत्तम सैनी, योगाचार्य सीमा गुप्ता आदि ने योगाभ्यास कराया।

आरजी डिग्री कॉलेज में प्राचार्या डॉ. दीपशिखा शर्मा तथा संयोजिका एवं आईक्यूएसी कोऑर्डिनेटर डॉ. सीमा जैन के निर्देशन में ऑनलाइन योगाभ्यास हुआ।

कनोहर लाल स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. किरण प्रदीप के साथ डॉ. वेणु वनिता, प्रतिक्षा मिश्रा ने योग का महत्व बताया। इस्माईल गर्ल्स पीजी कॉलेज में प्राचार्य डॉ. हुमा मसूद ने योगाभ्यास कराया। विज्ञान योग विज्ञान संस्थान के संस्थापक अंतरराष्ट्रीय प्रधान ऋषिराम, महामंत्री राजीव धामा मौजूद रहे।




सीसीएसयू में योग का महत्व बताते कुलपति प्रो. एनके तनेजा।

**Yoga camp**
**22-06-2019**